पुस्तकालय

2660
29/7/08

सत्यमेव जयते

असंशोधित

25 JUL 2008

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

( भाग I—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर )

प्रतिवेदन शाखा
मै०स०प्रे०सं० 23 तिथि 29/7/08

चतुर्दश विधान सभा
नवम् सत्र

शुक्रवार, तिथि २५ जुलाई, २००८ ई०
०३ श्रावण, १९३०(शक)

**( कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय- ११.०० बजे पूर्वाह्न )**

**( इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया )**

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है ।

प्रश्नोत्तर-काल

अध्यक्ष : अब अल्प-सूचित प्रश्न लिये जायेंगे ।

अल्प-सूचित प्रश्न संख्या- १ (श्री रामदेव वर्मा)

अध्यक्ष : श्री रामदेव वर्मा । श्री रामदेव वर्मा । श्री रामदेव वर्मा ।

( व्यवधान )

श्री शकील अहमद खाँ : कार्यस्थगन-प्रस्ताव हमलोगों ने दिया है, हुजूर, उसपर क्या फैसला हुआ ? कार्यस्थगन-प्रस्ताव हमलोगों ने दिया है, सम्पूर्ण विपक्ष ने दिया है, उसपर निर्णय आपको करना चाहिये, उसपर विपक्ष के सारे माननीय सदस्यों का दस्तखत है......

अल्प-सूचित प्रश्न संख्या- २ (श्री रामचन्द्र पूर्वे)

अध्यक्ष : श्री रामचन्द्र पूर्वे ।

श्री शकील अहमद खाँ : महोदय, पहले कार्यस्थगन प्रस्ताव पर फैसला किया जाय....

अध्यक्ष : श्री रामचन्द्र पूर्वे, आपके प्रश्न को समाज कल्याण विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया है । अगली तिथि को लिया जायेगा ।

श्री रामचन्द्र पूर्वे : महोदय, आपने मुझे पुकारा है इसलिये हमको बोलने दिया जाय...

( व्यवधान )

अध्यक्ष : यह अल्प-सूचित प्रश्न लिया गया है, उसके सन्दर्भ में आदरणीय रामचन्द्र पूर्वे जी को पूछा गया था ।

अल्प-सूचित प्रश्न संख्या- ३ (श्री रामदेव वर्मा)

अध्यक्ष : श्री रामदेव वर्मा । श्री रामदेव वर्मा । श्री रामदेव वर्मा ।

( इस अवसर पर रा०ज०द० के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी सीट पर एक साथ खड़े हो गये ।)

( व्यवधान )

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जो कुछ भी आप कहना चाहते हैं या बोलना चाहते हैं, वह सब बात प्रश्नोत्तर-काल के बाद सुनी जायेगी, प्रश्नोत्तर-काल के बाद । आप सब माननीय सदस्यगण......

( इस अवसर पर सम्पूर्ण विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी सीट पर एक साथ खड़े होकर बोलने लगे । )

( व्यवधान )